# मासिक अपराध प्रतिवेदन जून–2012

माह जून 2012 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2011 के माह जून की तुलना में भारतीय दण्ड संहिता (भा.द.सं.) के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति
### (माह जून 2011, मई 2012 एवं जून 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2011 | मई 2012 | जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 |
| 1 | हत्या | 164 | 136 | 158 | -6 | 22 | -3.66 | 16.18 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 133 | 147 | 120 | -13 | -27 | -9.77 | -18.37 |
| 3 | डकैती | 1 | 4 | 3 | 2 | -1 | 200.00 | -25.00 |
| 4 | लूट | 70 | 75 | 69 | -1 | -6 | -1.43 | -8.00 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 361 | 322 | 329 | -32 | 7 | -8.86 | 2.17 |
| 6 | बलात्कार | 192 | 205 | 187 | -5 | -18 | -2.60 | -8.78 |
| 9 | बलवा | 66 | 53 | 54 | -12 | 1 | -18.18 | 1.89 |
| 7 | नकबजनी | 420 | 392 | 433 | 13 | 41 | 3.10 | 10.46 |
| 8 | चोरी | 1784 | 2103 | 2190 | 406 | 87 | 22.76 | 4.14 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 12265 | 11508 | 12078 | -187 | 570 | -1.52 | 4.95 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **15456** | **14945** | **15621** | **165** | **676** | **1.07** | **4.52** |

वर्ष 2012 में 2010 एवं 2011 की तुलना में माह जून में भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह जून)

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून ) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 684 | 730 | 718 | 34 | -12 | 4.97 | -1.64 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 806 | 773 | 737 | -69 | -36 | -8.56 | -4.66 |
| 3 | डकैती | 21 | 11 | 14 | -7 | 3 | -33.33 | 27.27 |
| 4 | लूट | 440 | 366 | 357 | -83 | -9 | -18.86 | -2.46 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 1638 | 1704 | 1726 | 88 | 22 | 5.37 | 1.29 |
| 6 | बलात्कार | 805 | 950 | 999 | 194 | 49 | 24.10 | 5.16 |
| 7 | बलवा | 520 | 385 | 307 | -213 | -78 | -40.96 | -20.26 |
| 8 | नकबजनी | 2500 | 2436 | 2388 | -112 | -48 | -4.48 | -1.97 |
| 9 | चोरी | 11393 | 10747 | 11421 | 28 | 674 | 0.25 | 6.27 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 64560 | 64367 | 66682 | 2122 | 2315 | 3.29 | 3.60 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **83367** | **82469** | **85349** | **1982** | **2880** | **2.38** | **3.49** |

## <u>निस्तारण भा.द.सं.</u>

आलोच्य वर्ष 2012 माह जून में भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**<u>निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2012 (माह जून तक)</u>**

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 718 | 78 | 20.58 | 6 | 84 | 295 | 98.01 | 339 | 47.21 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 737 | 37 | 8.28 | 8 | 45 | 402 | 98.05 | 290 | 39.35 |
| 3 | डकैती | 14 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 8 | 100.00 | 6 | 42.86 |
| 4 | लूट | 357 | 13 | 5.60 | 61 | 74 | 158 | 72.15 | 125 | 35.01 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 1726 | 723 | 65.25 | 24 | 747 | 361 | 93.77 | 618 | 35.81 |
| 6 | बलात्कार | 999 | 265 | 40.52 | 1 | 266 | 388 | 99.74 | 345 | 34.53 |
| 7 | बलवा | 307 | 39 | 14.61 | 2 | 41 | 226 | 99.12 | 40 | 13.03 |
| 8 | नकबजनी | 2388 | 83 | 4.52 | 1201 | 1284 | 551 | 31.45 | 553 | 23.16 |
| 9 | चोरी | 11421 | 559 | 5.75 | 7438 | 7997 | 1722 | 18.80 | 1702 | 14.90 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 66682 | 18306 | 33.29 | 1683 | 19989 | 35005 | 95.41 | 11688 | 17.53 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **85349** | **20103** | **28.87** | **10424** | **30527** | **39116** | **78.96** | **15706** | **18.40** |

○ एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता / अदमसबूत।

वर्ष 2011 एवं 2012 में (माह जून) तक सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| **क. सं.** | **शीर्षक** | **अदम वकू प्रतिशत** | | **चालानी प्रतिशत** | | **बरामदगी प्रतिशत** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2011** | **2012** | **2011** | **2012** | **2011** | **2012** |
| 1 | डकैती | 0.00 | 0.00 | 80.00 | 100.00 | 77.49 | 86.85 |
| 2 | लूट | 9.72 | 5.60 | 68.16 | 72.15 | 51.34 | 75.15 |
| 3 | नकबजनी | 4.56 | 4.52 | 33.64 | 31.45 | 35.89 | 35.83 |
| 4 | चोरी | 5.96 | 5.75 | 21.90 | 18.80 | 55.08 | 55.18 |
| **5** | **योग भादसं.** | **27.45** | **28.87** | **79.91** | **78.96** | **52.59** | **54.37** |

भा.द.सं. के तहत माह जून 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2012 में माह जून में नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, मई 2012 एवं जून 2011 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह जून 2011, मई 2012 एवं जून 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2011 | मई 2012 | जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1196 | 1312 | 1114 | -82 | -198 | -6.86 | -15.09 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1271 | 1276 | 1079 | -192 | -197 | -15.11 | -15.44 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 442 | 498 | 351 | -91 | -147 | -20.59 | -29.52 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 137 | 111 | 73 | -64 | -38 | -46.72 | -34.23 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 35 | 56 | 43 | 8 | -13 | 22.86 | -23.21 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 16 | 26 | 21 | 5 | -5 | 31.25 | -19.23 |
| 7 | अन्य एक्ट | 2382 | 3346 | 2931 | 549 | -415 | 23.05 | -12.40 |
| **8** | **योग** | **5479** | **6625** | **5612** | **133** | **-1013** | **2.43** | **-15.29** |

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह जून तक)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 6109 | 7293 | 6850 | 741 | -443 | 12.13 | -6.07 |
| 2 | जुआ एक्ट | 7715 | 7202 | 8125 | 410 | 923 | 5.31 | 12.82 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 2106 | 2522 | 2594 | 488 | 72 | 23.17 | 2.85 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 664 | 736 | 568 | -96 | -168 | -14.46 | -22.83 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 251 | 239 | 286 | 35 | 47 | 13.94 | 19.67 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 138 | 129 | 140 | 2 | 11 | 1.45 | 8.53 |
| 7 | अन्य एक्ट | 9026 | 11998 | 18843 | 9817 | 6845 | 108.76 | 57.05 |
| **8** | **योग** | **26009** | **30119** | **37406** | **11397** | **7287** | **43.82** | **24.19** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत जून 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2012 (माह जून तक)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 6850 | 1 | 0.02 | 20 | 21 | 6521 | 99.69 | 308 | 4.50 |
| 2 | जुआ एक्ट | 8125 | 1 | 0.01 | 0 | 1 | 8083 | 100.00 | 41 | 0.50 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 2594 | 3 | 0.12 | 4 | 7 | 2457 | 99.84 | 130 | 5.01 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 568 | 1 | 0.26 | 7 | 8 | 375 | 98.17 | 185 | 32.57 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 286 | 3 | 1.13 | 3 | 6 | 259 | 98.85 | 21 | 7.34 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 140 | 7 | 8.86 | 1 | 8 | 71 | 98.61 | 61 | 43.57 |
| 7 | अन्य एक्ट | 18843 | 7477 | 43.95 | 1204 | 8681 | 8331 | 87.37 | 1831 | 9.72 |
| **8** | **योग एक्ट** | **37406** | **7493** | **21.51** | **1239** | **8732** | **26097** | **95.47** | **2577** | **6.89** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह जून 2011, मई 2012 एवं जून 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2011 | मई 2012 | जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 52 | 50 | 43 | -9 | -7 | -17.31 | -14.00 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 19 | 19 | 22 | 3 | 3 | 15.79 | 15.79 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 1277 | 1073 | 1291 | 14 | 218 | 1.10 | 20.32 |
| 4 | बलात्कार | 192 | 205 | 187 | -5 | -18 | -2.60 | -8.78 |
| 5 | छेड़छाड़ | 246 | 206 | 197 | -49 | -9 | -19.92 | -4.37 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 293 | 277 | 281 | -12 | 4 | -4.10 | 1.44 |
| 7 | अन्य | 97 | 81 | 61 | -36 | -20 | -37.11 | -24.69 |
| **8** | **कुल योग** | **2176** | **1911** | **2082** | **-94** | **171** | **-4.32** | **8.95** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह जून तक )

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 219 | 259 | 230 | 11 | -29 | 5.02 | -11.20 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 91 | 102 | 79 | -12 | -23 | -13.19 | -22.55 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 5488 | 5682 | 6631 | 1143 | 949 | 20.83 | 16.70 |
| 4 | बलात्कार | 805 | 950 | 999 | 194 | 49 | 24.10 | 5.16 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1223 | 1290 | 1155 | -68 | -135 | -5.56 | -10.47 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 1375 | 1452 | 1453 | 78 | 1 | 5.67 | 0.07 |
| 7 | अन्य | 390 | 463 | 451 | 61 | -12 | 15.64 | -2.59 |
| **8** | **कुल योग** | **9591** | **10198** | **10998** | **1407** | **800** | **14.67** | **7.84** |

- महिला अत्याचार के तहत जून 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2012 माह जून तक )

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 230 | 28 | 21.21 | 0 | 28 | 104 | 100.00 | 98 | 42.61 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 79 | 12 | 22.22 | 0 | 12 | 42 | 100.00 | 25 | 31.65 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 6631 | 2568 | 50.75 | 2 | 2570 | 2490 | 99.92 | 1571 | 23.69 |
| 4 | बलात्कार | 999 | 265 | 40.52 | 1 | 266 | 388 | 99.74 | 345 | 34.53 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1155 | 284 | 26.64 | 0 | 284 | 782 | 100.00 | 89 | 7.71 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 1453 | 636 | 68.31 | 21 | 657 | 274 | 92.88 | 522 | 35.93 |
| 7 | अन्य अभियोग | 451 | 84 | 25.30 | 8 | 92 | 240 | 96.77 | 119 | 26.39 |
| **8** | **कुल योग** | **10998** | **3877** | **47.11** | **32** | **3909** | **4320** | **99.26** | **2769** | **25.18** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, मई 2012 एवं जून 2011 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह जून 2011, मई 2012 एवं जून 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2011 | मई 2012 | जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 |
| 1 | हत्या | 6 | 8 | 6 | 0 | -2 | 0.00 | -25.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 5 | 6 | 3 | -2 | -3 | -40.00 | -50.00 |
| 3 | बलात्कार | 19 | 25 | 17 | -2 | -8 | -10.53 | -32.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 4 | 3 | 6 | 2 | 3 | 50.00 | 100.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 395 | 399 | 444 | 49 | 45 | 12.41 | 11.28 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 5 | 10 | 10 | 5 | 0 | 100.00 | 0.00 |
| **8** | **कुल योग** | **434** | **451** | **486** | **52** | **35** | **11.98** | **7.76** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह जून तक )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 23 | 28 | 27 | 4 | -1 | 17.39 | -3.57 |
| 2 | गम्भीर चोट | 25 | 34 | 28 | 3 | -6 | 12.00 | -17.65 |
| 3 | बलात्कार | 100 | 104 | 98 | -2 | -6 | -2.00 | -5.77 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 17 | 15 | 18 | 1 | 3 | 5.88 | 20.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 2194 | 2190 | 2414 | 220 | 224 | 10.03 | 10.23 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 51 | 52 | 54 | 3 | 2 | 5.88 | 3.85 |
| **8** | **कुल योग** | **2410** | **2423** | **2639** | **229** | **216** | **9.50** | **8.91** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह जून 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2012 (माह जून तक)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 27 | 2 | 22.22 | 0 | 2 | 7 | 100.00 | 18 | 66.67 |
| 2 | गम्भीर चोट | 28 | 2 | 10.00 | 0 | 2 | 18 | 100.00 | 8 | 28.57 |
| 3 | बलात्कार | 98 | 25 | 37.88 | 0 | 25 | 41 | 100.00 | 32 | 32.65 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 18 | 2 | 28.57 | 0 | 2 | 5 | 0.00 | 11 | 61.11 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 2414 | 1101 | 65.65 | 1 | 1102 | 575 | 99.83 | 737 | 30.53 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 54 | 35 | 87.50 | 0 | 35 | 5 | 100.00 | 14 | 25.93 |
| **8** | **कुल योग** | **2639** | **1167** | **64.16** | **1** | **1168** | **651** | **99.85** | **820** | **31.07** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, मई 2012 एवं माह जून 2011 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह जून 2011, मई 2012 एवं जून 2012)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2011 | मई 2012 | जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 | जून 2011 से जून 2012 | मई 2012 से जून 2012 |
| 1 | हत्या | 2 | 1 | 3 | 1 | 2 | 50.00 | 200.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 1 | 2 | -1 | 1 | -33.33 | 100.00 |
| 3 | बलात्कार | 8 | 4 | 7 | -1 | 3 | -12.50 | 75.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 101 | 96 | 80 | -21 | -16 | -20.79 | -16.67 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 1 | 4 | 2 | 1 | -2 | 100.00 | -50.00 |
| **8** | **कुल योग** | **115** | **106** | **94** | **-21** | **-12** | **-18.26** | **-11.32** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2010, 2011 एवं 2012 (माह जून तक)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह जून तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 | 2010 से 2012 | 2011 से 2012 |
| 1 | हत्या | 11 | 9 | 7 | -4 | -2 | -36.36 | -22.22 |
| 2 | गम्भीर चोट | 18 | 10 | 8 | -10 | -2 | -55.56 | -20.00 |
| 3 | बलात्कार | 22 | 29 | 31 | 9 | 2 | 40.91 | 6.90 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 4 | 7 | 1 | -3 | -6 | -75.00 | -85.71 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 566 | 554 | 572 | 6 | 18 | 1.06 | 3.25 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 15 | 11 | 15 | 0 | 4 | 0.00 | 36.36 |
| **8** | **कुल योग** | **636** | **620** | **634** | **-2** | **14** | **-0.31** | **2.26** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2012 (माह जून तक)

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 7 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 3 | 100.00 | 4 | 57.14 |
| 2 | गम्भीर चोट | 8 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 5 | 100.00 | 3 | 37.50 |
| 3 | बलात्कार | 31 | 5 | 25.00 | 0 | 5 | 15 | 100.00 | 11 | 35.48 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 1 | 100.00 | 0 | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 572 | 258 | 64.02 | 0 | 258 | 145 | 100.00 | 169 | 29.55 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 15 | 10 | 76.92 | 0 | 10 | 3 | 100.00 | 2 | 13.33 |
| **8** | **कुल योग** | **634** | **274** | **61.57** | **0** | **274** | **171** | **100.00** | **189** | **29.81** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह जून 2012 में वर्ष 2011 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, मई 2012 एवं जून 2011 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2011 | मई 2012 | जून 2012 | वर्ष 2011 | वर्ष 2012 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा / बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107 / 151 द.प्र.सं. | 13573 | 12438 | 13579 | 63400 | 65664 | 164262 | 141578 | 2 | 332 | 22350 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 2490 | 728 | 739 | 12447 | 6211 | 7530 | 7360 | 0 | 5 | 165 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 1293 | 1126 | 819 | 9093 | 7740 | 7740 | 6585 | 0 | 40 | 1115 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 120 | 47 | 24 | 354 | 231 | 440 | 249 | 0 | 3 | 188 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 69 | 35 | 31 | 414 | 210 | 410 | 176 | 0 | 4 | 230 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 48 | 31 | 32 | 252 | 187 | 853 | 501 | 0 | 0 | 352 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 3 | 0 | 0 | 23 | 9 | 9 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 6031 | 6483 | 5646 | 34567 | 32519 | 33752 | 31957 | 0 | 0 | 1795 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2011 एवं 2012 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2011 | 224 | 158 | 66 |
| 2012 (जून तक) | 182 | 59 | 123 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | **वर्ष** | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2011 | 23245 | 9232 | 28666 |
| 2 | 2012 ( जून तक) | 12070 | 4880 | 14800 |

माह जून 2012 में कुल 2040 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 2117 एवं जून 2011 में 2026 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह की अपेक्षा कमी एवं 2011 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में वृद्धि रही है।

राज्य में वर्ष 2012 माह जून तक कुल 12070 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 12285 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 215 (-1.75 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी / मफरूर

वर्ष 2012 में अब तक 973 भगौड़े 242 घोषित अपराधी तथा 8133 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से वर्ष 2012 में अब तक 907 भगौड़े, 267 घोषित अपराधी एवं 8181 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन में तालिका **'ड'** पर है।

## उपलब्धियाँ माह जून– 2012

**हत्याः–**

- दिनांक 02.06.2012 को जिला अलवर थाना तिजारा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.06.2012 को जिला बारां थाना कस्बा बारां पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर लाश को कुननू नदी में फैक दिये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान जारी है।
- दिनांक 04.06.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना पारसोली पुलिस ने एक व्यक्ति का अपहरण कर हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.06.2012 को जिला बारां थाना किशनगंज पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अनुसंधान जारी है।
- दिनांक 17.06.2012 को जिला डूँगरपुर थाना आसपुर पुलिस ने दिनांक 25.05.2012 को एक रिपोर्ट इस आशय की प्राप्त की कि परिवादी की मॉ दिनांक 21.05.2012 को मोटरसाईकिल पर गई थी जो बाद मे वापस नही आई की सूचना पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गई। पूछताछ पर दो व्यक्तियों पर शंका व आपसी रंजिश बताये जाने पर संदिग्ध व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ करने पर बताया की कुल 5 अभियुक्तों ने मिलकर महिला की गला दबाकर हत्या की व खेत में गाड दी। 5 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया जा चुका है।
- दिनांक 18.06.2012 को जिला टोंक थाना अलीगढ पुलिस ने दिनांक 03.06.2012 को अज्ञात मुलजिमानों द्वारा एक महिला की हत्या कर जेवर लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.06.2012 को जिला उदयपुर थाना फलासिया पुलिस ने दिनांक 12.05.2012 को बंडग बारा के घने जंगल में एक अज्ञात महिला की लाश जो 7–8 दिन पुरानी होने की सूचना पर दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया। जिसने गहनता से पूछताछ पर बताया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर पहले महिला के साथ सामुहिक बलात्कार किया एवं उसके गहने व मोबाइल छीनकर उसकी हत्या कर दी। दूसरे अभियुक्त की तलाश जारी है।
- दिनांक 20.06.2012 को जिला उदयपुर थाना माण्डवा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक महिला की हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया। दौराने अनुसंधान ज्ञात हुआ की दिनांक 14.05.2012 की रात्रि को मृतका व उसके पति का झगड़ा अपनी भाभी के साथ अवैध सम्बन्ध के कारण हुआ था जिस पर उसके पति ने गुस्से में लाठी से वार कर अपनी पत्नी की हत्या कर लाश को छिपाने व सबूत नष्ट करने की नीयत से लाश को चट्टानों के बीच फैक दिया व हत्या को आत्म हत्या का रूप देने के लिए लाश के पास कीटनाशक दवा व चप्पल रखकर चले गये।
- दिनांक 21.06.2012 को जिला डूँगरपुर थाना बिछीवाड़ा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक महिला की हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.06.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना शम्भुपुरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खेत पर सोये हुए एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**लूटः–**

- दिनांक 03.06.2012 को जिला चूरू थाना राजगढ पुलिस ने लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से लूटी गई एक जायलो गाडी कीमतन 5 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.06.2012 को जिला बीकानेर थाना नोखा पुलिस ने दो डम्पर ट्रक लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से 2 डम्पर ट्रक कीमतन 50 लाख रूपये के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः—**

- दिनांक 01.06.2012 को जिला जैसलमेर थाना साकड़ा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोदाम से 15 बोरी ग्वार चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका कीमतन 3.00 लाख रूपये का बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06.06.2012 को जिला बीकानेर थाना खाजुवाला पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में प्रवेश कर सोने—चॉदी के जेवरात कीमतन 6.00 लाख रूपये चोरी किये गये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया मालमसरूका कीमतन 6 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.06.2012 को जिला जालोर थाना भीनमाल पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मकान का ताला तोड़कर सोने—चॉदी के जेवरात कीमतन 15.20 लाख रूपये के चुराये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों के कब्जे से चुराया गया माल मसरूका कीमतन 15.20 लाख रूपये का बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.06.2012 को जिला जयपुर उत्तर थाना कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक मकान के निजी मन्दिर से दो अष्ट घातु की मूर्तिया, चॉदी के बर्तन एवं पीतल के बर्तन आदि कीमतन 2.25 लाख रूपये के चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.06.2012 को जिला बांसवाड़ा थाना सदर पुलिस ने दिनांक 17.05.2012 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा महल का पिछला दरवाजा तोड़कर पेटी में रखी एक 30 बोर राईफल, एक 22 बोर राईफल, एक पिस्टल 32 बोर, व एक पिस्टल 25 बोर सभी यू.एस.ए. व बेलजियम का मार्का लगा हुआ है कुल मालमसरूका 30 लाख रूपये चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 6 अभियुक्तों को नामजद कर चोरी गया मालमसरूका 30 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**जालीनोटः—**

- दिनांक 06.06.2012 को जिला डूॅगरपुर थाना कोतवाली पुलिस ने मैनेजर यूनियन बैक ऑफ इण्डिया डूॅगरपुर द्वारा एक—एक हजार के 10 जालीनोट पेश कर बताया की दो व्यक्तियों ने अपने बचत खाता में यह नोट जमा कराये है आदि पर अभियोग दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।
- दिनांक 11.06.2012 को जिला सीकर थाना लोसल पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक महिला सहित दो अभियुक्तों के कब्जे से 5 नोट 1000 रूपये के व 15 नोट 500—500 के कुल 12500/—रूपये भारतीय जालीमुद्रा बरामद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.06.2012 को जिला अलवर थाना खैरथल पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से साबुन खरीदते वक्त नकली नोट का प्रचलन करते हुए 8 नोट 500—500 रूपये कुल 4000/—रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.06.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना चंदवाजी पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से जालीनोट प्रचलन में लेते हुए कुल 1.40 लाख रूपये के जालीनोट बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**धोखाधड़ीः—**

- दिनांक 05.06.2012 को जिला झुन्झुनू थाना मलसीसर पुलिस ने पीतल की चैन को सोने की बताकर 5 लाख रूपये की धोखाधडी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से 4.50 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.06.2012 को जिला बाड़मेर थाना कल्याणपुर पुलिस ने लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों के कब्जे से 100 ग्राम सोना व 1966 ग्राम चॉदी कीमतन 4,15,000/—रूपये की बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**ईनामी अभियुक्तः—**

- दिनांक 14.06.2012 को जिला करौली थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से घेरा डालकर भॅवर मीना गैग के दो डकैतों को गिरफ्तार किया। जो डकैती, लूट, पुलिस मुठभेड व खानों में

अवैध वसूली के 14 अभियोगों में वांछित है एक डकैत राजन की गिरफ्तारी पर श्रीमान् अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा, राजस्थान, जयपुर की ओर से 11000/-रूपये का ईनाम घोषित था।

- दिनांक 23.06.2012 को जिला करौली थाना सदर पुलिस ने डकैतों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के दौरान एक डकैत ने आत्मसर्म्पण किया। जिससे एक देशी कट्टा 315 बोर बरामद किया गया। इस डकैत पर पुलिस अधीक्षक जिला करौली द्वारा 2000/-रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः-**

- दिनांक 04.06.2012 को जिला बून्दी पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बैक ऑफ बड़ौदा के सामने मोटरसाईकिल बैग से 1.67 लाख रूपये चुराकर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से 1.40 लाख रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इन्होने दो अन्य मुकदमों में भी अपराध करना कबूल किया।
- दिनांक 09 व 14.06.2012 को जिला झालावाड़ थाना सदर पुलिस ने चोरी के दो अभियोगों में दौराने अनुसंधान 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल एलायस्टील प्लेटे 92 नग व लोहे की प्लेटे, छोटी बड़ी स्क्रेप कीमतन 30 लाख रूपये का मालमसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.06.2012 को जिला बारां थाना छबड़ा पुलिस ने ट्रक के खलासी द्वारा ट्रक से 3.40 लाख रूपये चुराकर फरार होने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चुराया गया मालमसरूका 3.40 लाख रूपये बरामद किये।

**मूर्ति चोरीः-**

- दिनांक 09.06.2012 जिला झुन्झुनू थाना खेतड़ी पुलिस ने ग्राम पदेवा में स्थिति मन्दिर से राधा-कृष्ण की मूर्ति चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई मूर्ति बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**वाहन चोरीः-**

- दिनांक 02, 12 व 29.06.2012 को जिला दौसा थाना बॉदीकुई, लालसोट व सिकन्दरा पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही करते हुए चुराई गई एक क्वालिस, एक बोलेरो व एक टेक्ट्रर बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.06.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना शाहपुरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक स्कार्पियों चुराये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से चुराई गई स्कार्पियों कीमतन 13 लाख रूपये की बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.06.2012को जिला चित्तौड़गढ थाना निकुंभ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक व्यक्ति के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद कर पूछताछ करने पर उसने मोटरसाईकिल चोरी कर बेचने बाबत बताया व अपने बाड़े में छुपाई गई अन्य 13 मोटरसाईकिले कुल कीमतन 5.60 लाख रूपये की बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21 व 25.06.2012 को जिला झालावाड़ थाना कोतवाली व सुनेल पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चुराये गये एक ट्रेक्टर व एक पिक-अप कीमतन 9.5 लाख रूपये की बरामद की। अभियुक्तों की तलाश जारी है।
- दिनांक 28.06.2012 को जिला जालोर थाना सांचोर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से चुराई गई एक क्वालिस गाड़ी बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः-**

- दिनांक 03.06.2012 को जिला अजमेर थाना सिविल लाईन पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 510 पेटी अंग्रेजी शराब कीमतन 20 लाख रूपये की बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 10 व 11.06.2012 को जिला सिरोही थाना मण्डार व अनादरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए एवं एक रिहायशी मकान से कुल 866 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 29 लाख रूपये की बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 06 व 17.06.2012 को जिला बाड़मेर थाना बालोतरा व पचपदरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों में अवैघ रूप से परिवहन की जा रही क्रमशः 962 व 950 कार्टून कुल 1912 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09 व 11.06.2012 को जिला डूँगरपुर थाना आसपुर, बिछीवाड़ा व निठाऊवा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों व एक रहवासी मकान से अवैध कुल 1230 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 35 लाख रूपये की बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 20.06.2012 को जिला जालोर थाना सांचोर व कोतवाली पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 544 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11, 13, 14, 23, 25 व 26.06.2012 को जिला उदयपुर थाना गोरधन विलास, प्रतापनगर, डबोक, ऋषभदेव व पहाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर अवैध रूप से परिवहन करते हुए **5953** कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16.06.2012 को जिला प्रतापगढ थाना सुहागपुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 520 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 20 लाख रूपये की बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जून 2012 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 1114 प्रकरण दर्ज कर 1248 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 121795 बोतल अंग्रेजी शराब, 7716 बोतल देशी शराब 11254 बोतल कच्ची शराब एवं 32230 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह जून तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 6850 प्रकरण दर्ज कर, 7034 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 624803 बोतल अंग्रेजी शराब, 89153 बोतल देशी शराब, 39029 बोतल कच्ची शराब एवं 130674 बोतल बीयर बरामद की गई।

**मादक पदार्थः—**

- दिनांक 05, व 25.06.2012 को जिला सिरोही थाना अनादरा, रेवदर पुलिस ने मादक तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 4 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 57 क्विंटल 31 किलो 760 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07, 11 व 29.06.2012 को जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ, बेगू व चन्देरिया पुलिस ने सूत्र सूचना पर अलग—अलग कार्यवाही करते हुए दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 77 क्विटल 59 किलो 400 ग्राम डोडा चूरा एवं एक व्यक्ति के कब्जे से 15.800 किलोग्राम अफीम बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08 व 09.2012 को जिला हनुमानगढ थाना टिब्बी व हनुमानगढ जक्शन पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 7 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.06.2012 को जिला कोटा थाना मोडक पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन करते हुए 3.100 किलोग्राम अफीम व 75 कट्टे डोडा चूरा कीमतन 31.98 लाख रूपये के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनाक 11.06.2012 को जिला बाड़मेर थाना सिणधरी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 6 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.06.2012 को जिला अजमेर थाना क्लॉकटावर पुलिस ने सूत्र सूचना पर तीन अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 4.124 किलोग्राम चरस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.06.2012 को जिला उदयपुर थाना गोगुन्दा पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 39.9 क्विंटल डोडा चुरा कीमतन लगभग 50 लाख रूपये का बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17 व 21.06.2012 को जिला उदयपुर थाना बल्लभनगर व डबोक पुलिस ने दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 51.25 क्विंटल डोडा चूरा व एक किलोग्राम अफीम बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जून 2012 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 73 प्रकरण दर्ज कर, 90 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.394 कि.ग्राम स्मैक, 4.446 किग्रा. चरस, 56.727 कि.ग्रा. अफीम, 16.865 कि0ग्रा0 गांजा व 32767.400 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2012 माह जून तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 568 प्रकरण दर्ज कर 671 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 3.871 कि.ग्रा0 स्मैक, 0.106 कि.ग्रा. ब्राउनशुगर, 6.017 कि.ग्राम हेरोईन, 8.196 कि.ग्रा0 चरस, 405.008 कि0ग्रा0 अफीम, 182.468 कि0ग्रा0 गांजा व 116640.167 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**अवैध हथियार :–**

- दिनांक 04.06.2012 को जिला अजमेर थाना केकड़ी पुलिस ने फुलियाकलां थाना क्षेत्र में हवाई फायर कर फरार हुए अभियुक्तों की तलाश हेतु दौराने नाकाबन्दी व चैकिंग 5 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध दो देशी कट्टे, एक पिस्टल, एक खाली मैगजीन 24 कारतूस एवं एक इण्डिका कार बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जून 2012 में आर्म्स एक्ट के तहत 351 प्रकरण दर्ज कर 363 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 06 बन्दूकें, 53 रिवाल्वर/कट्टे, 141 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह जून तक आर्म्स एक्ट के तहत 2594 प्रकरण दर्ज कर 2639 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 119 बन्दूकें, 353 रिवाल्वर/कट्टे, 640 कारतूस बरामद किये गये।

**अवैध विस्फोटक :–**

- दिनांक 13.06.2012 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 6 नग डेटोनेटर, 81 नग डीटीएचडी, 85 एसटीएलडी, 46 कार्टून शक्ति पावर ब्लास्ट 83एमएम एक्प्लोजिव, 3 सेफ्टी फ्यूज व 375 मीटर डेटोनेटर फ्यूज बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जून 2012 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 43 प्रकरण दर्ज कर 46 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 764 जिलेटिन, 785 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2012 में माह जून तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 286 प्रकरण दर्ज कर 297 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 13131 जिलेटिन, 8132 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**जुआ/सट्टाः–**

राज्य में माह जून 2012 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1079 प्रकरण दर्ज कर, 1868 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 16 लाख 74 हजार 920 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2012 में माह जून तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 8125 प्रकरण दर्ज कर 14853 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 1 करोड 40 लाख 94 हजार 286 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।